भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 26

जिसका उत्तर दिनांक 07.12.2022 को दिया जाना है

कोयला आधारित अर्थव्यवस्था से परमाणु ऊर्जा आधारित अर्थव्यवस्था में परिवर्तन

26. **सुश्री देबाश्री चौधरी :**
श्रीमती पूनम महाजन :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कोयले के उपयोग को कम करने के माध्यम से भारत की निवल-शून्य प्रतिबद्धता में परमाणु ऊर्जा उत्पादन पर अधिक बल देना शामिल होगा;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार की वर्तमान में कोयला आधारित अर्थव्यवस्था से परमाणु ऊर्जा आधारित अर्थव्यवस्था में परिवर्तित होने की योजना है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में कब तक अंतिम निर्णय लिए जाने की संभावना है;

(ङ) क्या सरकार ने हाल ही में इस तरह के परिवर्तन की व्यवहार्यता को समझने के लिए कोई अध्ययन कराया है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) जी, हां।

(ख) निवल शून्य अर्थव्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता में नवीकरणीय और नाभिकीय ऊर्जा जैसे स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों में परिवर्तन शामिल है। इस प्रकार, नाभिकीय विद्युत उत्पादन पर और अधिक जोर दिया जाएगा।

(ग) जी, नहीं।

(घ) उपरोक्त (ग) के मद्देनजर लागू नहीं।

(ङ) जी, नहीं।

(च) उपरोक्त (ङ) के मद्देनजर लागू नहीं।

*****